भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2481

दिनांक 06 अगस्त, 2024

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा निजी कंपनियों के साथ किए गए करार

2481. श्री सुधाकर सिंह:

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने हाल ही में बायर, अमेज़ॅन, कोरोमंडल इंटरनेशनल, धानुका एग्रीटेक जैसी कंपनियों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आईपीआर) के ब्यौरे सहित सरकार द्वारा वहन की गई वित्तीय लागत का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आईसीएआर ने अपनी अनुसंधान कार्य-सूची को आगे बढ़ाने के लिए किन्हीं किसान संगठनों के साथ किसी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) एवं (ख): भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) ने इन कंपनियों के साथ-साथ अन्य निजी कंपनियों के साथ भी पारस्परिक हित के क्षेत्रों जैसे - विकसित की गई फसल किस्मों को उन्नत करना (बढ़ाना), प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण और क्षमता निर्माण के संबंध में करार हस्ताक्षरित किए है चूंकि ये MoU (समझौता ज्ञापन) प्रौद्योगिकी प्रसार के लिए हस्ताक्षरित किए गए हैं अत: इन भागीदारियों के साथ कोई बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) मसला जुड़ा हुआ नहीं है। आईसीएआर द्वारा कोई वित्तीय लागत (मूल्य) व्यय नहीं किया गया था।

(ग) एवं (घ): क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी प्रसार को बढ़ाने के लिए किसान संगठनों के साथ लगभग 176 MoU हैं।

******